# भवन समन्वय समिति
# भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रूड़की

सं० सी०सी०बी० / 156 / पी–11 (मुर्गी के अण्डे) दिनांकः जुलाई 11 , 2025

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान की सी.सी.बी. द्वारा संचालित सभी भवन मैसों (आजाद, सरोजिनी, विज्ञान एवं ईडब्लूएस) में दिनॉक 01.08.2025 से 30.09.2025 तक के लिए मुर्गी के अण्डे (फॉर्म) की आपूर्ति हेतु निविदा प्रपत्र।

| | |
|---|---|
| फर्म का नाम व पता | |
| फूड लाइसेंस न0 | |
| पैन न0 | |
| मो0 न0 | |
| ईमेल आईडी | |
| निविदा प्राप्ति की अन्तिम तिथि | दि0 21/07/2025 (सोमवार) को सांय 03–00 बजे तक |
| निविदा खुलने की तिथि व समय | दि0 21/07/2025 (सोमवार) को सांय 03–30 बजे |
| निविदा जमा करने का स्थान | सी0सी0बी0 कार्यालय, मेन बिल्डिंग, आई0आई0टी0 रूड़की |
| निविदा खुलने का स्थान | सरोजिनी भवन मैस |

| क्रम संख्या | सामग्री का नाम | दर अंकों में | दर शब्दों में |
|---|---|---|---|
| 1 – | मुर्गी अण्डे (फार्म) वजन – 600 से 700 ग्राम प्रति दर्जन। | रू0 ________ प्रति 100 अण्डे | रूपये ______________________ |

for Central Purchase Officer
CCB, IIT Roorkee

निविदादाता के हस्ताक्षर______________

नियम व शर्तें :–

1. सभी निविदायें मुहरबन्द लिफाफे में अध्यक्ष, भवन समन्वय समिति, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, रूड़की के नाम होनी चाहिए। खुला निविदा प्रपत्र स्वीकार नही किया जाएगा।
2. केन्द्रीय क्रय अधिकारी/अध्यक्ष, भवन समन्वय समिति को यह अधिकार सुरक्षित है कि निविदा का कोई अंश अथवा समस्त भाग निरस्त कर सकते हैं। उसके लिये कोई कारण बताना अनिवार्य नही है।
3. उपरोक्त तिथि एवं समय के पश्चात् कोई निविदा स्वीकार नही की जायेगी ।
4. टेण्डर में कटिंग व ओवर राइटिंग न करें, कटिंग होने पर दोबारा साफ–साफ लिख कर अपने हस्ताक्षर करें अन्यथा टेण्डर निरस्त भी किया जा सकता है ।
5. ठेका बिना कारण बताए किसी भी समय निरस्त किया जा सकता है ।
6. आपूर्ति न कर पाने या आपूर्ति स्वीकृत सैम्पल के अनुसार न कर पाने की दशा में ठेकेदार की धरोहर राशि जब्त की जा सकती है तथा अन्य जुर्माना भी लगाया जा सकता है।
7. मुर्गी के अण्डे (फॉर्म) की दरें मुर्गी के अण्डे (फॉर्म) को संस्थान की मैसों तक पहुचाने व सभी करों सहित होनी चाहिए।
8. मुर्गी के अण्डे (फॉर्म) का ठेका सी.सी.बी. द्वारा संचालित मैसों को मान्य होगा।
9. ठेकेदार को मुर्गी के अण्डे (फॉर्म) की आपूर्ति सी.सी.बी. द्वारा संचालित मैसों में उनकी आवश्यकतानुसार समय पर करनी होगी।
10. बिल का भुगतान सम्बन्धित मैसों द्वारा किया जायेगा। भुगतान हेतु बिल सामान के साथ ही प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
11. अध्यक्ष, भवन समन्वय समिति का निर्णय अन्तिम तथा सर्वमान्य होगा।
12. नये आपूर्तिकर्ताओं को खरीद आदेश (PO) प्राप्ति के तीन दिनों के अन्दर सी.सी.बी. कार्यालय में धरोहर राशि जमा कराना तथा पंजीकरण करवाना आवश्यक हैं।
13. वर्तमान में आजाद, सरोजिनी, विज्ञान एवं ईडब्लूएस भवन मैस का संचालन हो रहा है।
14. निविदा में दी गई मुर्गी के अण्डे (फॉर्म) की मात्रा अनुमानित है तथा यह मात्रा 25% तक घट या बढ सकती है।
15. सप्लायर द्वारा निविदा में दी गई दरों को स्वीकृत किए जाने पर 01/08/2025 से 30/09/2025 के मध्य दरों में किसी भी प्रकार की वृद्धि किया जाना सम्भव नहीं होगा।
16. संस्थान की मैसों में आपूर्ति करने हेतु आने–जाने के लिए संस्थान के सुरक्षा नियमों का पालन करना होगा तथा प्रवेश हेतु पास बनवाने की प्रक्रिया सप्लायर द्वारा किया जाना होगा।

निविदादाता के हस्ताक्षर____________________

दिनांक:____________________

निविदा जारी करने वाले अधिकारी के हस्ताक्षर

for केन्द्रीय क्रय अधिकारी
भवन समन्वय समिति